लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 72 / 2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 17.08.2020

श्री कैलाश चन्द्र डाड पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 08.09.2020

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 03.07.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 72 / 2020 / (08.09) / 542 दिनांक 19.08.2020 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 08.09.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 08.09.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने ड़ाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिनांक 26.08.2020 प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि उसे दिनांक 26.08.2020 तक भी लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः आवेदन दिनांक 03.07.2020 अनुसार वांछित सूचना निः शुल्क दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 72 / 2020 (सू.अ.)
श्री कैलाश चन्द्र डाड निवासी मण्डफिया बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 309 दिनांक 26.08.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

1. यह कि प्रार्थी श्री कैलाश चन्द्र पिता गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 03.07.2020 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 09.07.2020 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही जा रही सूचना प्रभारी अधिकारी, पूल अनुभाग, जिला कार्यालय, चित्तौड़गढ़ के पत्रांक / पूल / प–1(10) / लोक सूचना / 2020–21 / 423 दिनांक 21.08.2020 से प्राप्त कर मूल ही किता–119 इस कार्यालय के पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 2507 दिनांक 25.08.2020 से ड़ाक द्वारा भिजवाई गई है। (पत्र की प्रति संलग्न है।)
3. यह कि प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराये जाने से अब इस प्रकरण पर किसी प्रकार की कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है। अतः अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 309 दिनांक 26.08.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 2507 दिनांक 25.08.2020 से ड़ाक द्वारा निः शुल्क प्रेषित की है।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपीलार्थी ने दिनांक 26.08.2020 तक सूचना प्राप्त नहीं होना बताया है किन्तु लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा दिनांक 25.08.2020 को ही ड़ाक के माध्यम से सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराने हेतु भिजवाई गई है। संभवतः अब तक अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचनाऐं जरिये ड़ाक प्राप्त हो चुकी होगी। निष्कर्षतः अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा, उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां जरिये ड़ाक द्वारा निः शुल्क उपलब्ध हो जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

(के. के. शर्मा)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/सरिश्ता/प्र.सं./72/2020(सू.अ.)/580 दिनांकः– 08/09/2020

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री कैलाश चन्द्र डाड पुत्र श्री गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)